कार्यालय निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः– शिविरा–प्रारं/साप्र/सी/भामा/2773/2019/ दिनांक : 23/5/19

01. जिला शिक्षा अधिकारी,मुख्यालय, प्राशि (समस्त)
02. जिला शिक्षा अधिकारी मा0शि0 (समस्त)

विषयः–भामाशाह सम्मान समारोह–2019 के संबध में।
प्रसंगः–समसंख्यक पत्र दिनांक 08.05.2019

उपर्युक्त विषयान्तर्गत क्रम में प्रासंगिक पत्रों के द्वारा राज्य एवं जिला स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह–2019 हेतु निर्देश जारी कर भामाशाह एवं प्रेरको के आवेदन आवेदन प्राप्त कर पात्रता के अनुसार अनुशंषा सहित राज्य स्तर हेतु निदेशालय प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर एवं जिला स्तर पर नोडल अधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय) प्रारम्भिक शिक्षा स्तर पर प्राप्त कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देश प्रदान किये गये थे।

इस संबध में पुनः निर्देशित किया जाता है कि राज्य स्तर पर सम्मानित होने के पात्र भामाशाहों के आवेदन निदेशालय प्रारम्भिक शिक्षा,राजस्थान बीकानेर को मय अनुशंषा सहित तत्काल प्रेषित करें, आपकी शिथिलता के कारण भामाशाह एवं प्रेरको के आवेदन समय पर नहीं मिलने के कारण सम्मान से वंचित रहने पर आपकी वयक्तिगत जिम्मेवारी रहेगी। अतः राज्य स्तर पर सम्मानित होने वाले भामाशाहों के आवेदन तत्काल निदेशालय को प्रेषित करें एवं प्रेरको के आवेदन पत्र संबधित संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा को उपलब्ध करवाये, संबधित संयुक्त निदेशक,स्कूल शिक्षा प्राप्त प्रेरको के आवेदन जो राज्य स्तर पर सम्मानित होने के पात्र है के आवेदन मय अनुशंषा निदेशालय को प्रेषित करेगें।

जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय), प्रारम्भिक शिक्षा जिला स्तर पर सम्मानित होने के पात्र भामाशाह एवं प्रेरक के आवेदन पत्र प्राप्त कर निश्चित समयानुसार समस्त कार्यवाही पूर्ण कर जिला स्तर पर भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें इसमें किसी प्रकार की शिथिलता के संबध में आप स्वयं जिम्मेवार होगें।

जिला शिक्षा अधिकारी,
कार्यालय निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर।

www.rajteachers.com

प्रतिलिपिः–

01. संयुक्त निदेशक,स्कूल शिक्षा (समस्त) को देकर लेख है कि इस संबध में आपके स्तर प्रभावी मोनेटरिग करते हुवे समय पर कार्यवाही करवाने हेतु निर्देश प्रदान करें, एवं आपके स्तर पर की जाने वाली कार्यवाही भी तत्काल करें।
02. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी,समग्र शिक्षा, (समस्त) को देकर लेख है कि आप भी जिला स्तर पर आयोजित किये जाने वाले भामाशाह सम्मान समारोह के संबध में प्रभावी मोनेटरिगं करते हुवे आयोज्य समारोह को सफल बनाने में जिला शिक्षा अधिकारी (मु0)प्राशि को सहयोग/संबल प्रदान करें।

जिला शिक्षा अधिकारी,
कार्यालय निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर।